आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

18.45 शनिवार 14.03.2026

मुख्य समाचारः–

1– मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज गौधाम योजना का शुभारंभ किया।

2– केन्द्र सरकार ने घरों, अस्पतालों, शिक्षण संस्थानों और अन्य आवश्यक सेवाओं को निर्बाध ईंधन आपूर्ति का आश्वासन दिया।

3– राज्य सरकार ने शासकीय महाविद्यालयों में सात सौ विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए प्रक्रिया शुरू की।

4– मौसम विभाग के अनुसार अगले चौबीस घंटों के दौरान प्रदेश के कुछ स्थानों पर हो सकती है हल्की से मध्यम वर्षा।

मुख्यमंत्री–गौधाम योजना शुभारंभ

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज गौधाम योजना का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री आज बिलासपुर जिले के तखतपुर विकासखंड के ग्राम लाखासार और बिलासपुर स्थित गुरू घासीदास केन्द्रीय विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए।

इस मौके पर श्री साय ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा शुरू की जा रही इस योजना का उद्देश्य प्रदेश में बेसहारा मवेशियों को सुरक्षित आश्रय स्थल उपलब्ध कराना, उनके संरक्षण को बढ़ाना देना तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाना है। मुख्यमंत्री ने राज्य के सभी गौधामों को ‘‘सुरभि गौधाम’’ का नाम देने की घोषणा की। योजना के प्रथम चरण में प्रदेश के ग्यारह जिलों में उनतीस गौधामों का संचालन प्रारंभ हो गया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने बिलासपुर जिले के कोटा विकासखंड के जोगीपुर गांव में राज्य के पहले गौ–अभ्यारण्य का शिलान्यास भी किया। इसे करीब एक सौ चौरासी एकड़ क्षेत्र में विकसित किया जाएगा।

इस अवसर पर केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू, कृषि और पशुधन विकास मंत्री रामविचार नेताम, छत्तीसगढ़ गौसेवा आयोग के अध्यक्ष विशेषर पटेल सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

केन्द्र–एलपीजी उपलब्ध

केन्द्र सरकार ने घरों, अस्पतालों, शिक्षण संस्थानों और अन्य आवश्यक सेवाओं को निर्बाध ईंधन आपूर्ति का आश्वासन दिया है। रिफाइनरियों में घरेलू एलपीजी उत्पादन में तीस प्रतिशत से अधिक की वृद्धि की गई है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया कि उपभोक्ताओं को प्राथमिकता के आधार पर वितरण के लिए राज्य सरकारों को व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडर उपलब्ध कराए गए हैं।

इधर, छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा है कि देश में पेट्रोल–गैस की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि लोग थोड़ा धैर्य रखें और अफवाह पर ना जाएं। राज्य सरकार कालाबाजारियों पर ठोस कार्रवाई कर रही है।

इस बीच, प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने कहा है कि प्रदेशभर में रसोई गैस की किल्लत शुरू हो गई है। आम आदमी परेशान है, लेकिन सरकार जमीनी हकीकत को मानने को तैयार नहीं है। आज रायपुर में आयोजित एक पत्रकारवार्ता में संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने आरोप लगाया कि सरकार ने अचानक कर्मिशियल गैस की आपूर्ति पर अघोषित तौर पर रोक लगा दी है, जिससे कालाबाजारी को बढ़ावा मिल रहा है। वहीं, पार्टी के प्रभारी मंत्री मलकीत सिंह गैदू ने

बताया कि कांग्रेस आगामी सत्रह मार्च को गैस सिलेंडरों के दामों में बढ़ोतरी, मनरेगा बचाओ संग्राम और प्रदेश के स्थानीय मुद्दों को लेकर विधानसभा का घेराव करेगी।

महाविद्यालय–भर्ती

राज्य सरकार ने शासकीय महाविद्यालयों में विभिन्न पदों पर भर्ती की प्रक्रिया शुरू कर दी है। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा सहायक प्राध्यापक के छह सौ पच्चीस, ग्रंथपाल के पचास तथा क्रीडा अधिकारी के पच्चीस सहित कुल सात सौ पदों पर भर्ती की जाएगी। भर्ती प्रक्रिया के तहत राज्य शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार आरक्षण रोस्टर और विषयवार रिक्त पदों को निर्धारित करते हुए उनका विस्तृत रोस्टर ब्रेक–अप भी तैयार कर लिया गया है।

राष्ट्रीय लोक अदालत

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के तत्वावधान में आज राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर द्वारा प्रदेश के सभी जिला और व्यवहार न्यायालयों में भी लोक अदालत आयोजित की गई। इसमें मोटर दुर्घटना दावा से संबंधित प्रकरण, चेक बाउंस, जल कर, संपत्ति कर, राजस्व संबंधी प्रकरण ट्रैफिक चालान, भाड़ा नियंत्रण और आबकारी से संबंधित मामलों का निराकरण किया गया। इसके अलावा बैंक, विद्युत संबंधी प्री–लिटिगेशन प्रकरण, राजस्व न्यायालय खंडपीठ में खातेदारों के मध्य आपसी बंटवारे तथा वारिसों के मध्य बंटवारे का निराकरण भी हुआ।

वन विकास निगम विजन–30 कार्यशाला

छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम लिमिटेड द्वारा ''विजनः दो हजार तीस– छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम के लिए उच्च विकास व्यवसाय मॉडल का निर्माण'' विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। नवा रायपुर में आयोजित इस कार्यशाला में वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप शामिल हुए।

वन विकास निगम के प्रबंध संचालक प्रेम कुमार ने इस कार्यशाला के उद्देश्यों के बारे में बताया।

राजनांदगांव–भूमिपूजन

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज नवा रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास कार्यालय से राजनांदगांव के लिए दो सौ छब्बीस करोड़ रूपए से अधिक की लागत के विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राजनांदगांव में दो हजार सीटर का विशाल अत्याधुनिक ऑडिटोरियम बनाया जाएगा, जो संस्कारधानी की कला, साहित्य और सांस्कृतिक गतिविधियों को नया मंच प्रदान करेगा।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह ने कहा कि इस साल के बजट में राजनांदगांव जिले के समग्र विकास के लिए एक हजार करोड़ रूपए का प्रावधान किया गया है।

आदि परब–शुभारंभ

छत्तीसगढ़ की समृद्ध जनजातीय संस्कृति, कला और परंपराओं को राष्ट्रीय मंच देने के उद्देश्य से आयोजित आदि परब कल से नवा रायपुर में शुरू हो गया है। इस परब का शुभारंभ छत्तीसगढ़ राज्य जनजातीय आयोग के अध्यक्ष रूप सिंह मंडावी ने किया। दो दिवसीय इस उत्सव में छत्तीसगढ़ सहित तेलंगाना, ओड़िशा, महाराष्ट्र और झारखंड के आदिवासी लोक कलाकार शामिल हो रहे हैं। आदि परब की थीम ''परंपरा से पहचान तक'' रखी गई है।

शुभारंभ के अवसर पर जनजातीय समाज के युवाओं ने रैम्प पर आदिवासी संस्कृति और परंपराओं का प्रदर्शन किया। इसके अलावा कार्यक्रम स्थल पर जनजातीय समाज के खान–पान, वेशभूषा और विभिन्न कलाकृतियों की प्रदर्शनी लगाई गई है। साथ ही चित्रकला महोत्सव और आदि–हाट जनजातीय शिल्प मेला भी लगाया गया है, जिसमें छत्तीसगढ़ के जनजातीय हस्तशिल्प, वनोपज और पारंपरिक उत्पादों का प्रदर्शन किया जा रहा है।

आदि परब का समापन समारोह अब से कुछ देर बाद शुरू होगा। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

अशासकीय संकल्प–पारित

छत्तीसगढ़ विधानसभा में कल सर्वसम्मति से एक अशासकीय संकल्प पारित किया गया। इस संकल्प में केन्द्र सरकार से दुर्ग जिले के सेक्टर–नौ भिलाई में स्थित जवाहर लाल नेहरू अस्पताल और अनुसंधान केन्द्र को मल्टी स्पैशलिटी अस्पताल के रूप में पुनः स्थापित करने की सिफारिश की गई है। यह अशासकीय संकल्प वैशाली नगर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक रिकेश सेन ने पेश किया था।

प्राचीन धरोहर–संरक्षण

कोंडागांव जिले के नवागढ़ क्षेत्र में उपलब्ध प्राचीन प्रतिमाओं और पुरातात्विक अवशेषों का विशेषज्ञ दल अध्ययन करेगा। साथ ही स्थल निरीक्षण और विस्तृत सर्वेक्षण कराया जाएगा। संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल ने बताया कि नवागढ़ क्षेत्र में पांचवीं और छठवीं शताब्दी से संबंधित प्राचीन प्रतिमाओं और अन्य अवशेषों की जानकारी सामने आने के बाद स्थल का वैज्ञानिक अध्ययन जरूरी हो गया है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि विशेषज्ञ दल द्वारा क्षेत्र में उपलब्ध सभी प्रतिमाओं, स्थापत्य अवशेषों, शिल्प कलाकृतियों और संभावित पुरातात्विक स्थलों का सूक्ष्म अध्ययन किया जाए तथा उनका विस्तृत दस्तावेजीकरण भी हो, ताकि इन धरोहरों को ऐतिहासिक महत्व का समुचित आंकलन किया जा सके।

जिले की चिट्‌ठी

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी रायपुर द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम "जिले की चिट्‌ठी" का प्रसारण कल शाम छह बजकर पांच मिनट से छह बजकर दस मिनट तक किया जाएगा। इस कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केन्द्र रिले करेंगे। इस बार के अंक में ''दुर्ग'' जिले की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी जाएगी।

मौसम

मौसम विभाग ने कल प्रदेश में एक–दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने, गरज–चमक के साथ अंधड़ चलने और आकाशीय बिजली गिरने की संभावना जताई है। मौसम विभाग के अनुसार उत्तर–पूर्व उत्तरप्रदेश के मध्य भाग से अंदरूनी ओडिशा तक छत्तीसगढ़ होते हुए एक द्रोणिका बनी हुई है, जिसके असर से बदली–बारिश की संभावना बनी हुई है। वर्षा का मुख्य क्षेत्र दक्षिण छत्तीसगढ़ रहेगा। साथ ही सरगुजा संभाग के कुछ जिलों में भी हल्की से मध्यम वर्षा हो सकती है।

संक्षिप्त समाचार

— मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कल राजधानी रायपुर में टीजेएसवी सहकारी बैंक की रायपुर शाखा का शुभारंभ किया।

— बीजापुर जिले में फरसेगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बड़े गुंडेम में नवीन सुरक्षा और जनसुविधा कैम्प की स्थापना की गई है।

— छत्तीसगढ़ राज्य क्षमता निर्माण क्रियान्वयन और समन्वय समिति की पहली बैठक आगामी सत्रह मार्च को रायपुर में आयोजित की जाएगी।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>